Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)


APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 04-04-2022 | अंक 187

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## संपादकीय

### मेडिकल और पैरामेडिकल क्षेत्र में कैरियर की संभावनाएं



डॉ अनिल कुमार

वर्तमान में हमारे देश में जो शिक्षा व्यवस्था है वो रोजगार उन्मुख नहीं है। दसवीं बोर्ड पास करने के बाद छात्र और उनके अभिभावक को चिंता होने लगती है कि अब पढ़ाई किस कोर्स की की जाए जिससे एक सम्मानजनक नौ. करी मिल जाए, और सही से जीविकोपार्जन संभव हो सके। कभी उन्हें लगता है कि साइंस ले कर डॉक्टर, इंजिनीयर बनने का प्रयास करें तो इसमें कठिन प्रतियोगिता और करोड़ों का ख़र्च से आम माध्यम वर्ग के छात्र पीछे हट जाते हैं। अनिश्चिता की वजह से छात्र इंटर, ग्रेजुएशन पी जी करते चले जाते है और जब उम्र पार करने लगती है तो हतोत्साहित हो कर कोई भी छोटी मोटी नौकरी तलाश करने लगे जाते है, क्योंकि करोड़ों की संख्या में छात्र प्रतिवर्ष नौकरी के लिए प्रयासरत होते हैं ।नौ. करी लाखों में उपलब्ध हो पाती है वो भी भ्रष्टाचार और भाई भतीजेवाद की भेंट चढ़ जाती है। 135 करोड़े की जनसंख्या वाले हमारे देश मे सभी स्नातक, स्नातकोत्तर डिग्री धारी को रोजगार मिलना संभव नही है। इसलिए यह जरूरी हो जाता है कि दसवीं बोर्ड के बाद ही छात्रों को अपनी आर्थिक सामर्थ और अपनी प्रतिभा का आकलन कर के कैरियर चुनना चाहिए, क्योंकि दिशाहीन पढ़ाई रोजगार नही दिल सकती है। मध्यम वर्ग के औसत छात्र – छात्राएं पैरामेडिकल और नर्सिंग में कैरियर तलाश कर अपने लिए अच्छे रोजगार पा सकते हैं और सम्मान की जिंदगी जी सकते हैं। सरकारी और निजी हॉस्पिटल में इनकी वर्तमान मे काफी मांग है और वेतन भी अच्छा ख़ासा मिलता है। बहुत सारे पैरामेडिकल सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स सरकारीऔर प्राइवेट संस्थान हर जिले में दे रहे हैं और इनसे उतीर्ण होने वाले छात्र छात्राएं सरकारी और निजी हॉस्पिटलों में नौकरी कर रहे हैं।हज़ारीबाग़ और कोडरमा जिले में लगभग 20 सरकारी और प्राइवेट संस्थान है जो निम्नलिखित पैरामेडिकल कोर्स करवाते है ओ टी असिस्टेंट, ड्रेसर,लैब टे. क्नीशियन, रेडिओग्राफर, एक्सरे टेक्नीशियन, ए एन एम, जी एन एम ये सारे कोर्स दसवीं और बारहवी पास करने के बाद आप कर सकते है।

### 6 अप्रैल को भाजपा मनाएगी 42 वां स्थापना दिवस :रमेश ठाकुर



रमेश ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता सह जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने हजारीबाग जिला भाजपा के सभी मोर्चा के जिला के पदाधिकारी गण, सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, जिले के वरिष्ठ नेता गण, मंडल अध्यक्ष सह मंडल के सभी मोर्चा अध्यक्ष, वा कार्यकारिणी समिति के सदस्य गण, मंडल के प्रभारी, पंचायत अध्यक्ष, पंचायत प्रभारी, कार्यालय प्रभारी को सूचित किया जाता है की 6 अप्रैल दिन बुधवार को भाजपा अपना 42 वा स्थापना दिवस मनाने जा रही है। जिसमे आप सभी से आग्रह है की निर्धारित समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### आपसी विवाद में हुई मारपीट में पांच घायल

पदमा प्रखंड अंतर्गत महकोल में आपसी विवाद में हुई मारपीट में पांच लोग घायल हो गए। घायलों में नीतू देवी उम्र 26 वर्ष पति दिलीप मेहता, मालती देवी उम्र 55 वर्ष पति चौधरी महतो, मीना देवी उम्र 47 वर्ष पति प्रयाग महतो, मुनि देवी उम्र 30 वर्ष प्रकाश कुमार, सीता देवी उम्र 32 वर्ष पति कैलाश महतो शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महुआ चुनने को लेकर विवाद हुआ और आपस में



मारपीट करने लगे। सभी घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इनका उपचार किया गया।

# रामनवमी पूजा के लिए किए गए जारी किए गए दिशानिर्देश पर पुनर्विचार करने की है जरूरत : मनोज यादव

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा की लगभग दो कोरोना काल के बाद हजारीबाग में होने वाले रामनवमी पर्व से सं. बंधित शोभायात्रा एवं मेला को लेकर जो सरकारी गाइडलाइन जारी की गई है, की 6:00 बजे शाम तक शोभा यात्रा की समाप्ति होनी चाहिए,रामभक्तों कि संख्या 100 से अधिक नहीं होनी चाहिए एंव डीजे साउंड का उपयोग नहीं होनी चाहिए इस पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने कहा की ऐसा प्रतीत होता है कि जिन सलाहकारों ने आपको



पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव

यह सुझाव दिया है, उन सबों को हजारीबाग रामनवमी शोभा यात्रा की जमीनी सच्चाई के बारे में तनिक भी जानकारी नहीं है ।संपूर्ण भारत के अनेक क्षेत्रों से हजारीबाग रामनवमी की ऐतिहासिक शोभा यात्रा को नजदीक से देखने के लिए लोग यहां आते हैं। हजारीबाग के मूलनिवासी जो देश या विदेश में किसी भी कोने में रहते हैं वह भी हजारीबाग के इस त्योहार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का प्रयास करते हैं। ज्ञात हो कि हजारीबाग संपूर्ण जिला बरही, चौपारण, इचाक,बड़कागांव सहित सभी स्थानों पर रामनवमी की शोभायात्रा की शुरुआत 8 – 9 बजे रात्रि से होती है। जो पूरी रात चलती है सड़कों पर हजारों की संख्या में दर्शकों को भीड़ होती है। शोभा यात्रा से विभिन्न अखाड़ों से जुड़े प्रतिनिधि प्रशासन के आद. ेश का सम्मान भी करते हैं और प्रशासन को सहयोग करने की परंपरा है और कानून का सम्मान करते हुए अनुशासन में रहकर धार्मिक पर्व मनाना भी चाहिए। जिले के प्रशासनिक पदाधिकारी इस सरकारी गाइ. डलाइन से पेशो–पेश कि स्थिति में है। व्यवहारिक तौर पर सरकारी आदेश प्रशासनिक अधिकारियों के लिए अग्नि परीक्षा से गुजरने के समान है। यह आदेश एक तरफ शोभायात्रा निकालने की अनुमति देता है, तो दूसरी तरफ शोभा यात्रा नहीं निकालने का संकेत देता है। बिना डी.जे. साउंड के शोभा यात्रा निकालने की तुलना एक स्वस्थ व्यक्ति को बिना नमक के स्वादहीन खाना खाने के आदेश के समान है । अतः रामनवमी महासमिति के विभिन्न अखाड़ों के व्यवहारिक कठिनाई को देखते हुए इस सरकारी आदेश पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करता हूं।

# अवैध माइका खदान के चाल धंसने से दो मजदूर की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

अपेम लाइव : गांवा
मोजाहिद अली

गांवा, गिरिडीह : गांवा थाना क्षेत्र के जमडार पंचायत अंतर्गत मुड़गड़वा जंगल में संचालित अवैध माइका खदान में सोमवार की दोपहर माइका निकालने के दौरान अचानक चाल धंसने से दो लोगों की मौत हक गयी है और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गया है। हालांकि इस घटना में कुछ और लोगों के भी दबने होने की संभावना जताई जा रही है। इस हादसे के बाद इलाके में अफरा–तफरी का माहौल है, वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद गांवा थाना प्रभारी पिंटू कुमार, खोरीमहुआ एसडीएम धीरेंद्र कुमार सिंह, एसडीपीओ



मुकेश कुमार महतो एवं इंस्पे. क्टर परमेश्वर त्यांगी मौके पर पहुंच कर दोनों शवों को कब्जे में ले लिया और मामले की छानबीन में जुट गए है। बता दें कि गांवा के धरवे नावाडीह की पहाड़ियों में दर्जनों बड़ी–बड़ी अवैध माइका खदान संचालित हैं और इन खदानों में हर दिन दर्जनों से अधिक जेसीबी मशीन, ट्रेक्टर का प्रयोग किया जाता है और बड़ी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चों को माइका चुनने के लिए काम में



लगाया जाता है। इतना ही नहीं, अवैध माइका खदानों में जिलेटिन का प्रयोग कर विस्फोट भी किया जाता है। इधर गांवा बिससूत्री अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि घटना स्थल को देखकर ऐसा लगता है कि उक्त स्थल पर और भी कई बजदूर के दबे होने की आशंका है। उन्होंने प्रशासन से मांग किया है कि उक्त स्थल पर डोजरिंग कर बेहतर तरीके से तलाशी ली जाए।

# जीतपुर में धूम धाम से मनाया गया प्रकृति का पर्व सरहुल, शामिल हुए जीप प्रतिनिधि मो कयूम

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

बरही प्रखंड अंतर्गत रानीचुआं पंचायत के जीतपुर में धूमधाम से प्रकृति का पर्व सरहुल क्षेत्रीय गीत गाकर मनाया गया। वहीं बरही पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने सरहुल पर विशेष जानकारी देते हुए बताया कि सरहुल दो शब्दो से मिलकर बना हुआ है 'सर'और 'हुल' यहां सर का अर्थ सरई अर्थात सखुआ ( साल पेड़ ) के फूल फल से होता है जबकि हुल का अर्थ श्क्रांतिश से है। इस प्रकार सखुआ के फूलों की क्रांति को





श्सरहुलश के नाम से जाना जाता है। साथ ही उन्होने कहा कि प्रकृति पर्व सरहुल वसंत ऋतु में मनाए जाने वाला आदिवासियों का प्रमुख त्यौहार है। वसंत ऋतु में जब पेड़ पतझड़ में अपनी पुरानी पत्तियों को गिरा कर टहनियों पर नई नई पत्तियां लाने लगती है तब सरहुल का पर्व मनाया जाता है। यह पर्व मुख्यता चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के तृतीय से शुरू होता है और चैत्र पूर्णिमा को समाप्त होता है। अंग्रेजी माह के अनुसार यह पर्व अप्रैल में मुख्य रूप से मनाया जाता है। साथ ही जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने भी ढोल बजाकर इस पर्व का आनंद लिया। मौके पर मुखिया रीता मुर्मू, राजा राम बसेरा, गाजो टुडू, बाबूलाल मुर्मू, मुन्ना लाल, विनोद मुर्मू, किशुन हांसदा, मनोज हांसदा, हरिलाल हांसदा एवं राजू हांसदा मौजूद थे।

## रामनवमी महासमिति बरही वा बरही के सभी अखाड़ा धारी ने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव को भगवा गमछा एवं पुष्पगुच्छ देकर किया सम्मानित



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही रामनवमी महासमिति के पदाधिकारी व बरही के सभी अखाड़ा धारी के अध्यक्ष व सक्रिय सदस्यों ने बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के आवास पर पहुंचकर उन्हें भगवा गमछा व पुष्पगुच्छ देकर सम्मा. नित किया।इस दौरान राम भक्तों के द्वारा शहर में निकाले जाने वाले शोभायात्रा को लेकर भी चर्चा की गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भाजपा, बजरंग दल तथा सामाजिक तथा धार्मिक संस्था के सदस्यों ने भी निकलने वाले शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेकर योगदान देने की बात कही। वहीं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा की प्रभु श्री राम का नाम लेने से मात्र ही जीवन सफल हो जाता है प्रभु श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम के नाम से जाने जाते हैं। साथ ही उन्होंने उपस्थित युवाओं से कहा कि श्रीराम के कदमों पर चलकर हम अपने समाज, देश व सनातन धर्म को एक नई दिशा देकर सशक्त करने में सहयोग करें। रामनवमी महापर्व हिंदुओं व सनातन प्रेमियों के दिलों में प्रभु श्री राम के प्रति समर्पण का पर्व ही रामनवमी है।महासमिति की ओर से रामनवमी के दिन बरही चौक पर स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर, चना गुड़ शरबत व पेयजल की व्यवस्था शोभायात्रा में शामिल राम भक्तों एवम श्रद्धालुओं के लिए किया जाएगा। मौके पर रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर, रितेश गुप्ता, किशुन यादव, राजकुमार यादव, सिकंदर निषाद, गुरुदेव गुप्ता, रा. जकुमार केशरी, अमित गौरव, भगवती मंदिर अखाड़ा सेअनीश कुमार, अमन कुमार, ब०बी कुमार, मनितोष यादव, बजरंग अखाड़ा से शिवा निषाद, सुरेंद्र निषाद, रामेश्वर निषाद, संदीप निषाद, भोला मालाकार, किशोर निषाद, महावीर मंडल से उदय केशरी, छोटू मद्धेशिया, श्री राम अखाड़ा से अजय रविदास, संजय रविदास, हनुमान सेना अखाड़ा से राजेश केशरी उर्फ मेवालाल, मोती सिंह, अमित सिंह उर्फ छोटू, पिंटू ठाकुर, विक्रम पांडे, गुड्डू केशरी, अंजनी अखाड़ा से अमित साव, राजेश केशरी, सिकी यादव, सन्नी केशरी, संजय केशरी, अरुण यादव, हरला गांव के अखाड़ा से मुन्ना यादव, सचिन यादव, पिंटू यादव आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे

## सतगावां के मरचोई में आयोजित रामचरित मानस सह हनुमत् प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में उमड़े रहे हैं श्रद्धालु

**अपेम लाईवः सतगावाँ**
**संजीव कुमार**



प्रखंड के मरचोई ग्राम में चल रहे नौ दिवसीय श्री श्री 1008 रामचरित मानस सह हनुमत् प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के द्वितीय दिवस पर श्रद्धालुओं का जन सैलाव उमड़ा। इस दौरान श्रद्धालु यज्ञस्थल पर पहुँच कर संगीतमय श्रीराम कथा व रासलीला का रसपान किया। यज्ञाचार्य श्रवण पांडेय, बिमलेश शास्त्री, महेश पांडेय समेत सभी आचार्यो ने विधिवत अग्निदेवता का आह्वान कर यज्ञशाला में अग्नि प्रज्ज्वलित किया। वहीं क्षेत्रीय कथावाचक विजय पांडेय वृन्दावन से चलकर आये कथावक्ता श्री योगेंद्र कृष्ण जी महाराज का संगीतमय रामकथा का श्रवण कर जी भरकर आनंद लेते दिखे गए। वहीं वृन्दावन से आये सुप्रसिद्ध रासलीला के कलाकारों ने कृष्ण जन्मोत्सव सह नंदमहोत्सव पर दिखाए गए जीवन्त झांकियों का दर्शन कर आत्मविभोर हो गए। लोगों ने कृष्ण जन्म के उपरांत नन्द महोत्सव में कलाकारों के साथ खूब झूमें। ज्ञात हो की शनिवार से कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुए ये अनुष्ठान लगातार 10 अप्रिल तक चलेगा। यज्ञ के सफल आयोजन और शांति व्यवस्था को बहाल करने में सतगावाँ थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ मुस्तैद दिखे। मेला में लोग बेखौफ़ पूरी सुरक्षा व्यवस्था के बिच जमकर विभिन्न प्रकार के झूला,मौटकुआँ, मनिहारी दुकान, मिठाई दुकान का लुफ्त उठा रहे हैं। यज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति के पदाधिकारी व सदस्य श्रीकांत सिंह, बालमुकुंद पाण्डेय, बालमुकुंद सिंह, सुधीर सिंह, धीरज सिंह, उत्तम सिंह,रणजीत सिंह,प्रभाकर सिंह, पंकज सिंह, संजीव कुमार, मनोज सिंह, पप्पू सिंह,मोहन सिंह, संतोष सिंह, मनीष सिंह समेत समस्त सदस्य व ग्रामीण अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं।

## सरकार समय सारणी में परिवर्तन करे अन्यथा होगा आंदोलन - संघ

**अपेम लाइव : कोडरमा**
**धीरज कुमार**




झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई कोडरमा की आवश्यक बैठक झुमरी. तिलैया स्थित मध्य विद्यालय बेलाटांड नंबर 01 में संपन्न हुई। बैठक में मुख्यतः झारखंड सरकार के राज्य परियोजना निदेशक द्वारा विद्यालय का समय सारणी प्रातः 7:00 बजे से 1:00 बजे तक किए जाने का घोर विरोध किया गया। संघ के जिला महासचिव ओमप्रकाश पांडेय ने इस फैसले को भीषण गर्मी में छात्र व विद्यालय हित के लिए पूर्णतया अमानवीय एवं जानलेवा बताया तथा इसे शीघ्र वापस लेते हुए पूर्ववर्ती समय सारणी 6:30 बजे पूर्वाह्न से 11:30 पूर्वाह्न तक लागू करने की मांग किया। मांग पूरी नहीं होने पर तीव्र आंदोलन की चेतावनी दिया है। जिला अध्यक्ष राधेश्याम शुक्ला ने सरकार के तुगलकी फरमान एवं जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा अभी तक जिले के शिक्षकों को ग्रेड 2 का प्रमोशन नहीं दिए जाने, सेवा संपुष्टि कार्य पूर्ण नहीं किए जाने तथा कार्यालय में बढते व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर विरोध प्रदर्शन, धरना प्रदर्शन एवं सडक पर आंदोलन करने की घोषणा किया है। साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा 2004 के बाद नियुक्त राज्यकर्मियों का पुरानी पेंशन से जोडने की घोषणा को साहसिक कदम बताते हुए सरकार से शीघ्र पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग भी बैठक में की गई। बैठक में संगठन एवं शिक्षकों के समस्याओं पर चर्चा तथा प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में जिला अध्यक्ष राधेश्याम शुक्ला, जिला महासचिव ओमप्रकाश पांडेय, जिला उपाध्यक्ष कुमार नित्यानंद सिन्हा, पूनम कुमारी सिन्हा, रविशंकर प्रसाद, असीम तिवारी, ओम प्रकाश द्विवेदी, विनय कुमार सिंह, उमेश साहू, अनिल कुमार मिश्रा, विजय राम, अशोक कुमार सिंह, गायत्री सिंह, प्रभा प्रकाश, कुमारी ज्योति सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## चलकुशा थाना परिसर में रामनवमी पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : थाना परिसर में रामनवमी पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया।बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर मे हुई।. संचालन थाना प्रभारी धंनजय सिंह ने किया।बैठक में मुख्य रूप से पुलिस निरिक्षक अमित लकडा ,सांसद प्रतिनिधि सुखदेव यादव, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह ऐपवा अध्यक्ष सविता सिंह युवा नेता आलोक सिंह ,विरेन्द्र सिंह शामिल थे ।रामनवमी जुलूस को सरकार के गा. डलाईन का पालन करते हुए मनाने का अपील किया गया।जुलूस में डिजे पर पुरन रूप से पायबंदी रहेगा।सभी जुलूस का वीडियो रिक०र्डिंग करना अनिवार्य है। मौके पर भा. जपा मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मोईन उदीन प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव मुखिया भुनेश्वर दास,नन्द लाल पांडेय मुखिया प्रति. निधि दिनेश पाण्डे, दसरथ यादव, विरेन्द्र यादव, लखन साव,नन्द किशोर मोदी, इंदर देव चौधरी,अवधेश सिंह, अकिल अहमद, रूपेश कुमार,बैधनाथ राणा, बसंत पांडेय, वासुदेव साव,राजकुमार पंडित, कौलेश्वर यादव, निरज सिंह, छोटू यादव, रहमान अंसारी, सुशील कुमार, धर्मेंद्र रजक एवं काफी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने 6 अप्रैल स्थापना दिवस को लेकर की बैठक

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा : प्रखंड मुख्यालय के निकट भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्तओं के साथ एक बैठक की गई।बैठक में प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह के निर्देशानुसार 6अप्रैल स्थापना दिवस एवं 14 अप्रैल भीम राव अंबेडकर जयंती होने वाले कार्यक्रम को लेकर चर्चा किया गया।बैठक में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि सुखदेव यादव मंडल उपाध्यक्ष विजय चौधरी, अजय सिंह, गोविंद चौधरी, विक्रम सिंह, राज कुमार पंडित एवं काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।




सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर


# RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI
UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


**ADMISSION OPEN NOW**




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

## SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से





# CHILDREN PROGRESSIVE SCHOOL

CHILDREN PROGRESSIVE SCHOOL PURHARA
विद्या ददाति विनयम्

Based on C.B.S.E & J.A.C Both Curriculum

CLASS : Nusery to VIIth.

For Children's bright future.

(बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए)

नामांकन जारी है।

Our facilities :-

- नवोदय, नेतरहाट एवं सैनिक स्कूल की तैयारी।
- योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा कक्षा का संचालन।
- बच्चों को अंग्रेजी भाषा पर विशेष ध्यान।
- कमजोर बच्चों पर अलग से विशेष ध्यान।
- संगीत, नृत्य एवं खेल कूद की व्यवस्था।
- व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान।
- कम्प्यूटर एवं आतायात की सुविधा।
- गरीब,असहाय एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए निः शुल्क शिक्षा की व्यवस्था।

इधर बच्चों की कुछ तस्वीर डाला जायेगा। (स्कूल जाने की अवस्था में)

Note: हमारे यहाँ कक्षा IXth और Xth का अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष तयारी करवाई जाती है। |

Smart Classes की सुविधा।

AT – PURHARA (BAIRISAL) BARHI, HAZARIBAG (JHARKHAND)
Mob. 9973278122, 9199197021



वादा नहीं विकास करेंगे...
जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से
पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु
युवा, कर्मठ, जुझारु एवं ईमानदार
उम्मीदवार
# कपिल प्रसाद केशरी
को अपना बहुमूल्य
मतदान देकर भारी मतों से
विजयी बनाएं...!

सोच हमारी
विकास आपका



**कपिल प्रसाद केशरी** भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी



जोश है, होश है,
संकल्पों से यारी है



विकास,समृद्धि और खुशहाली
की बारी है

# कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)

तापेश्वर प्रसाद
सामाजिक कार्यकर्ता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## लोकतंत्र को बचाने के लिए जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में लड़ी गई थी लड़ाई - रामचंद्र सिंह

**अपेम लाइव : कोडरमा**
**धीरज कुमार**



भारतीय जनता पार्टी प्रखंड कोडरमा इकाई की बैठक झुमरी पंचायत के अनंत गंगा ज्ञानपीठ में हुआ। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने किया। जबकि संचालन प्रखंड महामंत्री मुकेश मंडल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रामचंद्र सिंह उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए रामचंद्र सिंह ने स्थापना दिवस के अवसर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनसंघ की स्थापना 21 अक्टूबर 1951 को श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं महामंत्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने किया था। उन्होंने कहा कि 1975 में कांग्रेस के द्वारा आपातकाल की घोषणा के बाद सारे ने. ताओं को जेल में डाल दिया गया। लोकतंत्र को बचाने के लिए जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में लड़ाई लड़ी गई। 1977 में जनता पार्टी का गठ्न हुआ। जिसमें जनसंघ का विलय हुआ। 1980 में दोहरी सदस्यता को लेकर जनता पार्टी के नेताओं से अलग होने की परिकल्पना कर रहे तत्पश्चात 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की गई। जिसके अध्यक्ष भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई हुए। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि एक अप्रैल को रामगढ़ की बैठक में संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह के निर्देशानुसार 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं के साथ मनाना है। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल को सभी कार्यकर्ता अपने घरों में झंडा अवश्य लगाएंगे। साथ ही 8:30 बजे अनंत गंगा ज्ञानपीठ झुमरी पंचायत के पवित्र प्रांगण मे पहुंच कर 9:00 झंडोत्तोलन व प्रभातफेरी किया जाएगा एवं 10:00 बजे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के उद्‌बोधन को सुनेंगे। इस बैठक को संबो. धित करते हुए जिला उपाध्यक्ष जूही दासगुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं लगन से एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश परम वैभव की ओर अग्रसर है इसलिए हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम को शिवेंद्र नारायण सिन्हा, प्रखंड मंत्री ब्रह्मदेव यादव, मिथिलेश सिंह, राजेश यादव ने भी संबोधित किया। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष भगवान दास साहू, प्रखंड महामंत्री बैजनाथ यादव, दीपक राणा, युवा मोर्चा के अध्यक्ष सुनील मंडल, किसान मोर्चा के अध्यक्ष दिलीप प्रसाद, सुखदेव पंडित, सोशल मीडिया प्रभारी उमेश प्रसाद, नकुल यादव, मंटू महतो, प्रकाश पांडेय, अरविंद पांडेय, संजय शर्मा, सुखदेव पंडित, मुंशी यादव, दीपू पांडेय, सूरज रजक आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।









सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## मारवाड़ी समुदाय की महिलाओं ने की गणगौर पूजा

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**रितेश खंडेलवाल**





होली से प्रारंभ गणगौर पूजा सोमवार को राजस्थानी विधि विधान से महिलाओं ने पूजा अर्चना कर गणगौर को विसर्जित किया हजारीबाग में मारवाड़ी समुदाय की महिलाओं ने गणगौर पूजा पुरी धूम-धाम से मनाया आइए जानते हैं गणगौर पूजा का महत्व गण (शिव) तथा गौर(पार्वती) के इस पर्व को विवाहित महिलाओं के साथ कुंवारी लड़कियां भी मनपसंद वर पाने की कामना से करती हैं। विवाहित महिलायें इस व्रत को अपने पति की दीर्घायु की कामना के लिए करती हैं। इस दिन गणगौर माता को सजा-धजा कर पालने में बैठाकर विसर्जित किया जाता है गणगौर त्योहार चौत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। मुख्य रूप से इस पर्व को मारवाड़ी समुदाय के लोग मनाते हैं गणगौर पूजा होली के दिन से शुरू होकर 18 दिनों तक चलती है। गणगौर पूजा करते वक्त महिलाओं के पास यह सामग्री रहती है जिसमें साफ पटरा, कलश, काली मिट्टी, होलिका की राख, गोबर या फिर मिट्टी के उपले, सुहाग की चीज़ें मेहंदी बिंदी, सिन्दूर, काजल, इत्र, शुद्ध घी एवं कई सामान शामिल होते है गणगौर पूजा की विधि सुहागिनें इस दिन दोपहर तक व्रत रखती हैं। पूजा के समय शिव-गौरी को सुंदर वस्त्र अर्पित करती है माता पार्वती को सम्पूर्ण सुहाग की वस्तुएं चढ़ाती है चन्दन, अक्षत, धूप, दीप, दूब व पुष्प का इस्तेमाल करते हुए पूजा-अर्चना करती है इस दिन गणगौर माता को फल, पूड़ी, गेहूं चढ़ाये जाते हैं। दोनों हाथों में दूब लेकर इस जल से पहले गणगौर पर छीटें लगाए जाते हैं फिर महिलाएं उस जल को अपने ऊपर सुहाग के प्रतीक के तौर पर छिड़क लेती है अंत में माता को भोग लगाकर गणगौर माता की कथा सुनती है गणगौर पर चढ़ाया हुआ प्रसाद पुरुषों को नहीं दिया जाता है। जो सिन्दूर इस दिन माता पार्वती को चढ़ाया जाता है, उसे महिलाएं अपनी मांग में भरती हैं। इस दिन गणगौर माता को सजा-धजा कर विसर्जित किया जाता है। मान्यता है कि गौरीजी की स्थापना जहां होती है वह उनका मायका हो जाता है और जहां विसर्जन होता है वह ससुराल। शाम को शुभ मुहूर्त में गणगौर को पानी पिलाकर किसी तलाब में इनको विसर्जन किया जाता है। इस दिन अविवाहित लड़कियां और विवाहत स्त्रियां दो बार पूजन करती हैं। जिसमें पपड़ी या गुने रखे जाते हैं। गणगौर विसर्जित करने के बाद घर आकर गणगोर कि राजस्थानी गीत गाये जाते हैं।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 43 स्थापना दिवस मनाया
## कार्यकर्ता टाउन हॉल कार्यक्रम में हुए शामिल

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


हजारीबाग के लिए रवाना होते जेएमएम कार्यकर्ता

सोमवार को बड़कागांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी की 43 वां स्थापना दिवस मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदीया ने के नेतृत्व में हजारीबाग टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बड़कागांव से कार्यकर्ता शामिल हुए। मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ही एकमात्र पार्टी है जो सभी अवाम को लेकर विकास की राह पर चलती है गुरुजी का संदेश हमें घर-घर तक पहुंचाना है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 43 स्थापना दिवस मनाया कार्यकर्ता टाउन हॉल कार्यक्रम में हुए शामिल। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया, केंद्रीय सदस्य सोना राम मांझी ,जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली ,प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा, सचिव बासुदेव यादव, झमन प्रसाद, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ,अल्पसंख्यक जिला सचिव सफीउल्लाह अंसारी, जिला सह सचिव हेमंत भुईयां ,युवा नेता नंदकिशोर भुईयां, दीपक साहू, बसंत ठाकुर ,टेकलाल प्रजापति, सुरेश यादव ,नरेश राणा, पवन तुरी ,मोहम्मद हुसैन ,उपेंद्र साहू, रामचंद्र भुइयां, सहदेव महतो, बसंत महतो, महेंद्र विश्वकर्मा, कुलदीप कुमार, शिबू महतो ,आफताब आलम ,सोनू कुमार, सनोज राणा ,सुमन कुमार, विजेंद्र महतो ,आयुष कुमार, मोहम्मद अयूब, मोहम्मद हकीम ,मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद अफसर, मोहम्मद दिलकब, निर्मल महतो, शंकर साहू, विनोद यादव ,राजेश ठाकुर ,उमेश कुमार, पवन राना ,अशोक गुप्ता, गणेश साहू, के अलावा कई लोग उप. स्थित थे।

## ससुराल वालों की बेरहमी की शिकार, महिला से अस्पताल में मिले माले के नगर मुख्य संयोजक ।नौशाद अहमद चांद
### गंभीर अवस्था में पीड़िता को भेजा गया बाहर, माले नेता ने की तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**रोहित कुमार**



गिरिडीह मुफस्सिल के पंचायत बरहमोरिया टोला टांडसा की रहने वाली खुशबू खातून के ससुराल वालों ने बेरहमी से पिटाई कर दी जिसे गिरिडीह सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। मामले की जानकारी मिलते ही भाकपा माले के गिरिडीह नगर के मुख्य संयोजक नौशाद अहमद चांद ने मौके पर पहुंचकर घटना की पूरी जानकारी ली। घायल खुशबू खातून ने बताया कि, उसके पति लियाकत अंसारी, ससुर शौकत अंसारी और सास सबीना खातून, भैंसुर शकूर अंसारी समेत घर के ही सिराज अंसारी, शहनाज परवीन वगैरह ने मिलकर बुरी तरीके से उसके मारपीट की है। बताया गया कि, इसके पूर्व भी कई बार महिला के साथ इसी तरह से मारपीट की जाती रही है। इसे लेकर कई बार पंचायत भी हुई लेकिन कोई नतीजा नहीं निकल सका है। फिलहाल घायल महिला की गंभीर अवस्था को देखते हुए उसे सदर अस्पताल गिरिडीह से बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया है। इधर मामले नेता मोहम्मद चांद ने इस घटना के सभी दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की है।

## सांसद जयन्त सिन्हा ने मलिकाना में किया प्रवचन संध्या का उदघाटन
### प्रभु श्रीराम की कृपा से हम बड़े बड़े कार्यो को आसानी से कर रहे है : जयन्त सिन्हा

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



बच्छई पंचायत के मलिक. ाना में आयोजित श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ सह हमुनान प्रतिष्ठा सह श्री राम कथा के पहले प्रवचन संध्या का विधिवत शुभारंभ हजारीबाग सांसद जयन्त सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजन समिति अध्यक्ष सह मुख्यपुजारी बिनोद साव, सचिव योगेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष शंकर दयाल साव, संरक्षक रामलाल प्रसाद आदि ने सांसद सहित अन्य अतिथियो को श्रीराम का पट्टा देकर स्वागत किया। इससे पूर्व सांसद ने यज्ञ समिति कार्यकाल के उदघाटन किया। कार्यक्रम का संच. ालन शिक्षक प्रकाश यादव ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुई सांसद जयन्त सिन्हा ने कहा कि हमसबका प्रयाश रंग लाया और राज्य सरकार ने रामनवमी जुलुश निकालने का अनुमति दिया हालांकि कुछ विसंगतियां है। श्री सिन्हा ने कहा कि भगवान प्रभु श्रीराम का कृपा से हमारा सब काम आसानी से हो रहा है। कहा जानता का सेवा करना ही हमारा धर्म है। इस दौरान श्री सिन्हा ने अपने कार्यो के उपलब्धियों को गिनाया व सबको श्री राम के आदर्शों को अपनाने का आग्रह किया। सांसद महोदय के साथ विधान सभा सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू सांसद सीताराम साहू, मुकुंद साव, राजेंद्र चंद्रवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रा. जेश सहाय पश्चिमी मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, महामंत्री कृष्णा साव मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र रजक मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता वरिष्ठ भा. जपा नेता गजाधर प्रसाद अरविंद साहू, नरेंद्र पांडेय, गुलाब गोस्वामी, निर्मल गोस्वामी, सिकन्दर रजक, अर्जुन साव, पूरण साव, मुकेश साव, महाबीर साव, छोटन साव, दिलेश्वर साव, भौरों साव, आंगन यादव, संजय साव, विकास साव, पवन गिरी, कृष्णा यादव, बासुदेव साव, महाबीर साव सहित कई लोग।

## प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष बने जितेंद्र सिंह
### संगठन मजबूती, शिक्षा व शिक्षक हित मे करूँगा कार्य : जितेंद्र सिंह

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला इकाई का एक दिवसीय बैठक आरक्षी विद्यालय हजारीबाग में सम्पन्न हुवा। बैठक में संगठन का विस्तार व शिक्षक हित मे आ रहे विसंगतियों पर चर्चा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से चौपारण प्रखण्ड स्थित उच्च विद्यालय टोईया के प्रभारी जितेंद्र सिंह को संघ का जिला उपाध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया। अमरेंद्र सिंह को महासचिव मनोनीत किया गया। उपाध्यक्ष पद का दायित्व मिलने पर संगठन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि मैं अपने जिम्मेवारियों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करूँगा। कहा संगठन मजबूती, शिक्षा व शिक्षक हित मे पहले भी कार्य किया था और भविष्य में भी करता रहूंगा। जितेंद्र सिंह को जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने पर संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, सुबोध सिंह, बसंत कुमार दास, अमीत कुमार, पंकज कुमार, प्रमोद सिंह, दीपक सिन्हा, सहित दर्जनों शिक्षक ने हर्ष व्यक्त किया।

APEM
LIVE

## गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र में भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा का पोल खोल अभियान जारी

### नगरनिगम क्षेत्र में पेयजल समस्या को हरेक वार्ड में जा कर माले के द्वारा पोल खोला जा रहा है,आगे भी रहेगा जारी–राजेश सिन्हा'

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन आदित्य पांडेय**



गिरिडीह नगर निगम के आजाद नगर स्थित वार्ड नम्बर 18 और 19 में पेयजल समस्या को सुनने और देखने पहुंची माले की टीम। भाकपा माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा के द्वारा प्रत्येक दिन 2 वार्ड का भ्रमण किया जाता है,जनता के समस्याओं को सुना जाता है। भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा ने बताया कि 1972 में बना है गिरिडी जिला,हजारीबाग से अलग होकर,उस समय से अब तक पूरे जिले में पेयजल संकट है,नगर. निगम क्षेत्र में 36 वार्ड है सुबह शाम आम जनता को पानी उपलब्ध नहीं करा पाती है नगरनिगम। झारखंड बना 2000 ईस्वी में लेकिन जिनकी भी सरकार रही सिर्फ जीत और हार की राजनीति करते है प्रतिनिधि,पेयजल को लेकर या सफाई को लेकर कोई ठोस उपाय नहीं करते है। सिन्हा ने यह भी कहा की 36 वार्ड के 36 वार्ड कमिश्नर से मिलकर उनको अपने अपने क्षेत्र में पेयजल की समस्याओं को लिखित आवेदन देकर अवगत कराएंगे,साथ ही साथ नगर निगम में लोकतांत्रिक तरीके से आवाज को बुलंद करेंगे। भाकपा माले से ही गिरिडीह की जनता को आशा है चुकि बाकी राजनिति दल सिर्फ चुनाव के समय सक्रिय रहते है बाकी समय मे सिर्फ माले सक्रिय रहता है,जनता को माले का साथ चाहिए जबकि माले को जनता का साथ उसी का तालमेल बनाया जा रहा है।आज के इस हल्ला बोल पोल खोल अभियान में मुख्य रूप से उपस्थित थे माले प्रतिनिधि कमरान, इशरत प्रवीण,अनिशा प्रवीण,स्वेदा बाबा, अफसाना खातून,शबाना प्रवीण,राबीया खातून,मो शमीम आदि ने कहा हमलोग वोट तो देते है,लेकिन ठगा महसूस करते है।'

## नशे के सौदागरों के खिलाफ चतरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### 374 ग्राम ब्राउन सुगर एक बाइक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी प्रमोद कुमार सिंह**



नशे के सौदागरों के विरूद्ध चतरा पुलिस को एक और बड़ी कामयाबी रविवार की रात्रि मिली। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर ब्राउन शुगर एवं तस्करी में प्रयुक्त एक बाइक के साथ तस्कर गिरफ्तार। एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान व सशस्त्र बल की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई। 374 ग्राम ब्राउन सुगर, तस्करी में प्रयुक्त बाईक व मोबाइल जप्त। राजपुर थाना क्षेत्र के हरहद मोड़ इलाके से हुई गिरफ्तारी। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी।उन्होंने कहा कि एस पी को गुप्त सूचना मिली थी कि केंदुवा सहोर की ओर से एक तस्कर ब्राउन सुगर लेकर आने वाला है जिसके बाद एस पी के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी अविनाश कुमार ने एक टीम गठित की जिसमे राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान एवं राजेश शर्मा को तस्कर की धड़ पकड़ के लिए बनाया गया।जिसमें थाना क्षेत्र के हरहद मोड़ के समीप पुलिस को देखकर तस्कर भागने लगा जिसे पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया।जिसके पास से 374 ग्राम ब्राउन सुगर बरामद की गई।पुलिस की इस कार्रवाई से तस्करों में हड़कम्प ब्याप्त हो गया है।गिरफ्तार तस्कर प०. थलगड्डा थाना क्षेत्र के डमोल गांव के भेखलाल साव पिता तुलसी साव के रूप में पकड़ा गया।नशे के कारोबार में प्रयुक्त हीरो सुपर बाइक भी पकड़ा गया है।

## सहायक अधयापक संतोष ठाकुर के माता जितनी देवी का निधन लोगों ने शोक व्यक्त किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव अमित मालाकार**



जितनी देवी

बड़कागांव : सहायक अध्यापक संतोष ठाकुर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय राणा टोला महुदी के 85 वर्षीय माता जितनी देवी (पति नारायण ठाकुर )का आकस्मिक निधन सोमवार को हो गया है। आकस्मिक निधन से महूदी गांव के साथ-साथ बड़कागांव सहायक अध्यापक संघ ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वाले में मुख्य रूप से बड़कागांव सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद शमशेर आलम, प्रखंड सचिव पारस प्रसाद, तिलानाथ महतो ,गंगाधर लोहरा, कर्पूरी ठाकुर, रंजीत प्रसाद सिन्हा,खिरोधर ठाकुर,नरेश यादव,देवप्रकाश,कृष्ण दयाल महतो, बालेश्वर साव, सुबोध नायक, अवध यादव,जलाल सगीर, तेजू साव, प्रेम कुमार राणा, त्रिभुवन महतो, संतोष कुमार, एजाजउल्लाह,सुंदर महतो ,राजकुमार ठाकुर, लालदे ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, कामेश्वर ठाकुर,भागेश्वर राणा, अशोक ठाकुर, गोपाल महतो, राजकुमार राणा, काशी राणा आदि।

## झारखंड कुशवाहा समाज का जिलास्तरीय सम्मेलन सम्पन्न

**अपेम लाइव : गीरिडीह बजरंगी महतो**





शिक्षा से परिवार और समाज का सर्वांगीण विकास संभव है -संजीव कुमार सम्राट अशोक के सपनों का भारत हमें बनाने का संकल्प लेना है -हाकिम प्रसाद महतो 3 अप्रैल 2022 रविवार शाम को झारखंड कुशवाहा महासभा के धनबाद जिला का.तृतीय सम्मेलन ब्लेसिंग ह०ल बेकार बांध में संपन्न हुआ जिला सम्मेलन का उद्घाटन वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया इस अवसर पर अतिथियों ने तथागत सिद्धार्थ गौतम बुद्ध विश्व विजेता चंद्रगुप्त मोर सम्राट अशोक महान एवं अमर शहीद जगदेव बाबू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया : सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ने कहा कि हमें शिक्षा के बदौलत ही समाज और परिवार का सर्वांगी विकास करना है हर काल में शिक्षा के द्वारा ही सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन होती रही है हम विश्व गुरु और विश्व विजेता परिवार के लोग हैं यह में कभी भी नहीं भूलना चाहिए वही जिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए झारखंड कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हाकिम प्रसाद ने कहा कि हमें राजनैतिक सामाजिक शैक्षणिक सांस्कृतिक और आर्थिक उन्नति के लिए संगठन से जुड़कर जागरूक और प्रशिक्षण का लाभ लेते रहना है सभा को प्रदेश महासचिव सत्यदेव प्रसाद वर्मा प्रशिक्षण प्रमुख संजय साहनी प्रमंडल प्रमुख प्रोफेसर अर्जुन प्रसाद वर्मा भरिए कांग्रेस नेता रविंद्र कुमार वर्मा महासभा के सचिव उचित महतो प्रियंका देवी हलधर महतो डॉ मनोज कुमार सिंह डॉ अशोक कुमार मेहता सविंदर सिंह संजय महतो नंदू महतो सुरेश महतो आदि लोगों ने सम्मेलन को संबोधित किया वही सम्मेलन की अध्यक्षता लाल बाबू सिंह कुशवाहा एवं संचालन जिला महासचिव रामप्रवेश प्रसाद ने किया जिला सम्मेलन के माध्यम से नई कमेटी का भी गठन किया गया जिसके माध्यम से पुणे जिला अध्यक्ष का दायित्व लाल बाबू सिंह कुशवाहा एवं महासचिव रामप्रवेश प्रसाद को दिया गया

## शिवम कंस्ट्रक्शन पर पथ निर्माण में अनियमितता बरतने का आरोप

**अपेम लाइवः बडकागॉव अमित मालाकार**



प्रखंड अंतर्गत कांडतरी पंचायत के मिर्जापुर में डीएमएफटी मद से ग्राम कन्नौदा से मिर्जापुर तक पथ निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने विरोध किया। ग्रामीणों ने शिवम कंस्ट्रक्शन के ऊपर अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए उपायुक्त को विज्ञप्ति सौंपी और कहा कि शिवम कंस्ट्रक्शन के संवेदक अजीत महतो द्वारा प्राक्कलित राशि के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है। पथ निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। पथ का निर्माण कार्य उस वक्त प्रारंभ किया गया जब त्यौहार में प्रशासन, जनता एवं पदाधिकारी व्यस्त हैं और कोई देखने वाला नहीं है। मामले को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।

## विद्यालय में कक्षा संचालन के समय में बदलाव वापस हो अजप्ता

**अपेम लाइव : चौपारण किशोर राणा**

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ चौपारण के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार कमल , सचिव बदी उजमा, मीडिया प्रभारी डा० प्रदीप साहू ने संयुक्त रूप से कहा है कि प्रदेश के प्राथमिक व मध्य विद्यालयों के छात्रों का कक्षा संचालन प्रातः 7 से अपराह्न 1 बजे तक करने का निदेश जारी किया गया है । ग्रीष्मा कालीन विद्यालय संचालन के लिए प्रातः 7:00 से अपराह्न 1:00 बजे का समय निर्धारण अव्यावहारिक तथा छात्रों के स्वास्थय के साथ खिलवाड़ है। विदित हो कि विद्यालयों में दूर से पैदल चलकर बच्चे पढ़ने आते हैं। अप्रैल से जून तक 12 से 3 दोपहर में चिलचिलाति धूप होती है। इस समय तापमान चरम पर होता है। ऐसी परिस्थिति में बच्चे लू और तपिश की भयावहता से बच नहीं सकेंगे । संघ ने मांग की है कि विषयआधीन पत्र द्वारा बच्चों के हित में निर्धारित प्रातः कालीन विद्यालय संचालन पर पुनर्विचार करते हुए पूर्व के समय सारणी 6:30 से 11:30 बजे तक वर्ग संचालन करने का आदेश निर्गत किया जाए ताकि बच्चे के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर ना पड़े।

APEM LIVE

APEM LIVE

## श्रीनिवास ब्लड बैंक के द्वारा रक्तदान के प्रति लोगों बीच फैलाया गया जागरूकता

### रक्तदान के तीन महीने बाद ही करें रक्तदान – पार्थ कर्मकार (काउंसलर)

**अपेम लाइव : ओरिया**




हजारीबाग डेमोटांढ स्थित श्रीनिवास अस्पताल के ब्लड बैंक के द्वारा सोमवार को रक्तदान प्रति लोगों के बीच जागरूकता फैलाया गया। इस दौरान ब्लड बैंक में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं व अस्पताल में मौजूद लोगों के बीच रक्तदान करते समय आवश्यक बातों को ध्यान में रखने हेतु ब्लड बैंक के टीम के द्वारा जागरूकता फैलाया गया। इस मौके पर पार्थ कर्मकार (काउं. सलर) ने कहा कि रक्तदान के तीन महीने बाद ही लोगों को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान के पहले रक्तदाता का पुरी तरह से जांच–पडताल के बाद ही रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करते समय दिल का दौरा, अलेर्जी, अस्थमा, लेप्रोसी, एपिलेप्सी, ट्यू. बरक्लोसिस, थाइरोइड, पोल्यिसटेमिअ, स्किन डिजीज, 1 साल के अंदर में डोनर टाइफाइड मलेरिया डेंगू या जॉन्डिस बीमारी शिकार का विवरण देखा जाता है। उन्होंने कहा कि रक्तदाता का 6 महीने के अंदर कोई गोदना/कान छेदना, दन्त चिकित्सा, चेचक, खसरा ये सब बिमारी का भी विवरण देखा जाता है। साथ ही कहा कि लोगों के बीच एक भ्रम फैला हुआ कि शुगर और बीपी से सं. बंधित मरीज रक्तदान नहीं कर सकते हैं। यह सरासर सही नहीं है बसरते संतु. लित व नियमित रहने पर रक्तदान कर सकते हैं। श्री. निवास ब्लड सेंटर इसके लिए पूरी टीम रक्तदान और मरीज को ब्लड देने में गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं करता है, क्योंकि एक मरीज के साथ–साथ एक रक्तदाता का भी मुल्यवान दान होता है।

## बड़कागांव सांढ़ निवासी सुनील कुमार बने हजारीबाग के माइंस इंस्पेक्टर, कहा मेरी मातृभूमि को मेरा नमन, अपने क्षेत्र में सेवा करने की थी इच्छा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड के ग्राम साँढ़–छ्पेरवा निवासी कुवर महतो के पुत्र सुनील कुमार को हजारीबाग जिले के माइंस इंस्पेक्टर बनाए गए । सुनील कुमार ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि सरकार ने मुझे अपनी मातृभूमि की सेवा करने का मौका दिया है । मैं क्षेत्र के विकास के लिए बेहतर से बेहतर कार्य करूंगा। इनके हजारीबाग में माइंस स्पेक्टर पद पर पदस्थापित होने पर बड़कागांव प्रखंड के सांड गांव के अलावा अन्य गांव के लोगों खुशी जाहिर की एवं बधाई दी है।इन्होंने मैट्रिक 2003 ई. में भुरुकुंडा हाई स्कूल से प्रथम श्रेणी से पास किया है।2005 में आईएससी प्रथम श्रेणी से मार्खम क०लेज हजारीबाग से एवं माइनिंग धनबाद से किया। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लो. कनाथ महतो, टंडवा उच्च विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार मानव, जिला परिषद सदस्य टूकेश्वर प्रसाद , डॉ बालेश्वर महतो,मुखिया भिखन महतो, वार्ड सदस्य आनंद कुमार पासवान ,सांढ़ पंचायत प्रभारी मुखिया कैलाश महतो ,पसस बा. समती देवी, पूर्व मुखिया कार्तिक महतो, हरिशंकर प्रसाद दांगी ,उपेंद्र कुमार वर्मा ,आजसू के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, बालेश्वर राम , गीरेंद्र प्रसाद ,गुरुदयाल कुमार जिज्ञासु, विष्णु दयाल कुशवाहा, कृष्णा राम, प्राचार्य राम सेवक महतो, अजय नारायण महतो ,शिक्षक बुद्धिनाथ महतो,संतोष महतो, ओमप्रकाश कुमार,के प्रखंड शिक्षाविद बुद्धिजीवियों ने बधाई दिया।

## केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिले बाबूलाल मरांडी सौंपा मांग पत्र

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**



आज चार अप्रैल को झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री और बीजेपी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने पीडब्ल्यूडी मार्गो को राष्ट्रीय राजमार्ग में उन्नयन करने को लेकर एक मांग पत्र केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर सौंपा। उन्हा. ने सौंपे गए माग पत्रों में उल्लेख किया है कि गया से हिसुआ राजगीर होते हुए बिहारशरीफ जाने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच82 का चौड़ीकरण केंद्र सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसी राष्ट्रीय रा. जमार्ग एनएच82 से जुड़े हिसुआ नवादा–सतगावां–गावां–तिसरी–चतरो होते हुए चकाई जो लगभग 138 किलोमीटर पीडब्ल्यूडी मार्ग है को राष्ट्रीय राजमार्ग में उन्नयन करते हुए एनएच114ए में जोड़ना जनोपयोगी और बहुआयामी विकास का द्योतक साबित हो सकता है। चूँकि चकाई से देवघर, बासुकीनाथ, दुमका के रास्ते रामपुरहाट तक एनएच114ए को राष्ट्रीय राजमार्ग में उन्नयन की स्वीकृति मिल चुकी है। अतः गया से हिसुआ रा. जगीर, बिहारशरीफ, नवादा, सतगावां, गावां, तिसरी, चतरो, चकाई, देवघर, बासुकीनाथ, दुमका होते हुए रामपुरहाट तक पहुँचना सुलभ हो जायेगा। जिससे बौद्ध–जैन–शैव मतालम्बियों को तीर्थस्थलों तक पहुँचना आसान हो जायेगा। उक्त सड़क के राष्ट्रीय राजमार्ग बनने से कई पर्यटन व तीर्थ स्थल जैसे बौद्धगया, राजगीर, देवघर, बासुकीनाथ, तारा. पीठ तक आवागमन सुलभ हो जायेगा। उपर्युक्त वर्णित मार्ग के निर्माण हेतु झारखंड राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता आदरणीय बाबूलाल मरांडी जी ने आज दिनांक 04.04.2022 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं रा. जमार्ग मंत्री माननीय नितिन गड़करी को आग्रहपत्र सौंपते हुए उक्त वर्णित पीडब्ल्यूडी मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में उन्नयन कर एनएच114ए से जोड़े जाने के स्वीकृति की मांग की है। उपरोक्त जानकारी भाजपा गिरिडीह जिला सोशल मीडिया प्रभारी मनोज मौर्या ने संवाददाताओं को दी।

## डीजे पर बैन, जुलुश पर कई पाबंदियां, नियमो का पालन कर जुलुश निकालने की अनुमति

### चौपारण थाना परिसर में रामनवमी व रमजान को लेकर शान्ती समिति का बैठक

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



राम व रहीम का पवित्र महीना रामनवमी व रमजान का शुरुवात हो चुका है। दोनो समुदायों के त्योहार को शान्तीपुर्ण व शौहर्द वातारण में मनाने के लिए चौपारण थाना परिसर में पुलिस पदाधिक. ारीयो, जनप्रतिनिधियो ने सामाजिक, राजनैतिक व बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों के साथ शांति समिति का बैठक किया गया। बैठक में उपस्थित एसडीओ पूनम कुजूर, डीएसपी नाजीर अख्तर ने रामनवमी जुलुश निकालने व नही निकालने पर स्पस्ट कहा कि डीजे पर पूर्णतः बैन रहेगा। वही राज्य सरकार द्वारा रामनवमी जुलुश को लेकर जारी किए गए दिशा निर्देशो का पालन कर रामनवमी के जुलुश निक. ाले। नियमो का अवहेलना करने वाले अखाड़ा समितियों पर कानूनी कार्यवाई किया जाएगा। बैठक में बीडीओ प्रेम चंद सिन्हा, सर्किल इंस्पेक्टर रो. हित सिंह, थाना प्रभारी स्वपम कुमार महतो, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, समाजसेवी भुनेश्वर यादव, जीप सदस्य रामस्वरूप पासवान, मुखिया बिनोद सिंह, शौकत खान, शम्भू सिंह, मोहन साव, कांग्रेस नेता अभिमन्यु भगत, अशोक सिंह, भाजपा नेता अशोक ठाकुर, मुनेश्वर गुप्ता, सहित कई लोग उपस्थित।






## श्री श्री 108 श्री रामचरित मानस महायज्ञ का सोमवार से हुआ शुभारंभ निकाली गई भव्य कलशयात्रा

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड क्षेत्र के खाखीपिपर गांव में श्री श्री 108 श्री रामचरित मानस महायज्ञ सह श्री हनुमत्त प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलशयात्रा के साथ किया गया जिसमें काफी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया जिसमें आज्ञा चार्य कर रहें कन्हैया त्रिवेदी पंडित,कथा वाचिक राधिका किशोरी यज्ञाचार्य शास्त्री ने बताए जीवन में जितने भी प्राणी हैं सबका भरण पोषण एवं रक्षा यज्ञ से ही होता है यज्ञ ही एक ऐसा मांगलिक कार्य है जिसे करने से अलौकिक परलौकिक सुख समृद्धि के साथ साथ परमात्मा को भी जीव प्राप्त कर सकता है यज्ञ एक कल्याणकारी कार्य है इसलिए सबको मिलकर यज्ञ को करना चाहिए यज्ञ अनादिकाल से होते आ रहा है सृष्टि के प्रारंभ में भी यज्ञ हुआ था यज्ञ से ही सृष्टि की रचना हुई है ब्रह्म जी ने प्रथम यज्ञ किए थे जिसके बाद सृष्टि की रचना हुई है इसलिए सभी को यज्ञ करना चाहिए एवं यज्ञ में भाग लेना चाहिए इस भव्य जलयात्रा में ट्रेक्टर में यात्रा कर मन. मोहक दृश्य था





इस कलश यात्रा में 201 कुवारी लड़की वा महिला सामिल रही यह सात दिवसीय यज्ञ 4 अप्रैल से 10 अप्रैल 2022 तक चलेगा वही हजारो श्रद्धालुओ ने जयकरा लगाते हुए कलश यात्रा में शामिल हुवे इस कलशयात्रा में मुख्य रूप प्रदीप मंडल बुधन मंडल रेवत मंडल जीवलाल मंडल अशोक मंडल धनपत मंडल चंदो मंडल बद्री मंडल राजकुमार मंडल अखोल मंडल समस्त ग्रामीण उपस्थित थे इस यज्ञ में मुस्लिम समुदाय के लोग भी ने सहयोग रूप में किया है।

## गिरिडीह में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया प्रकृति पर्व सरहुल

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**

आज सोमवार को गिरिडीह में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गिरिडीह बस स्टैंड के पास स्थित बूढ़ा बूढ़ी थान में सबसे पहले पूजा अर्चना की गई। थान के मुख्य पुजारी ने पूजा कर उपस्थित सभी लोगों को सरहुल फूल दिया जिसे पुरुषों ने अपने कान में लगाया और महिलाओं, युवतियों ने जुड़े में लगाया। सभी आदिवासी महिला पुरुष और बच्चें पा. रंपरिक वेशभूषा में मांदर नगाड़े झाल और बांसुरी की धुन पर पारंपरिक नृत्य करते हुए गिरिडीह प्लस टू उच्च विद्यालय गिरिडीह स्थित आदिवासी छात्रावास परिसर में शाम के पांच बजे तक लोग झूमते नाचते रहे। आज के इस सरहुल जुलूस में बीजेपी युवा नेता नुनूलाल मरांडी ने भी मांदर बजाकर लोगों को झुमाया। आदिवासी छात्र संघ गिरिडीह के केन्द्रीय संगठन सचिव प्रवीन मुर्मू ने सरहुल पर्व पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आदिवासियों का प्रमुख पर्व है सरहुल जो झारखंड, उड़ीसा और बंगाल के आदिवासी द्वारा मनाया जाता है। यह त्यौहार प्रत्येक वर्ष चौत्र महीने के तीसरे दिन चौत्र शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाया जाता है। यह पर्व नए साल का शुरुआत का भी प्रतीक माना जाता है। बीजेपी युवा नेता नुनूलाल मरांडी ने कहा कि प्रकृति महापर्व सरहुल पर्व आज पूरे गिरिडीह सहित झारखंड के अलावे उड़ीसा और बंगाल में मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि झारखंड की संस्कृ ति में बोलना ही संगीत है और चलना ही नृत्य है। सरहुल प्रकृति से प्रेम करना सिखाती है। सरहुल संदेश देती है कि अगर हम सब प्रकृति से प्रेम नही करेंगे तो हमारा अस्तित्व ही समाप्त हो जायेगा अर्थात जंगल और पेड़ पौधे बचाओ अपनी जिंदगी बचाओ। मैं पूरे झारखंड वासियों से आग्रह करता हूं कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ पौधे और जंगल की सुरक्षा करने में वन विभाग का सहयोग करें। आज के इस सरहुल जुलूस में आदिवासी छात्र संघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप सोरेन, सिकंदर हेंब्रम नुनका टुड्डू मुख्य पुजारी मुंशी मुर्मू सहित सर कजे सी बोस बालिका छात्रावास के छात्र एवं छात्रा सहीत जिले के सभी आदिवासी छात्रावास के छात्र छात्राओं ने अपनी मुख्य भुमिका निभाई। आज के इस कार्यक्रम में जिले भर के आदिवासी समाज के युवाओं महिलाएं पुरुषों और बच्चों ने हिस्सा लिया।



## मंत्री सत्यानंद भोगता सरहुल शोभायात्रा में हुए शामिल

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

चतरा : मंत्री सत्यानन्द भोगता चतरा शहर में सरना धर्मावलंबियों के द्वारा आयोजित सरहुल शोभायात्रा में शामिल हुए। आयोजनकर्ता समिति के सदस्यों ने मंत्री भोगता का भव्य स्वागत किया। इस शोभा यात्रा में चतरा उपायुक्त अंजली यादव, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता समेत कई वरीय अधिकारी शामिल रहे। मंत्री श्री भोगता ने सभी लोगों को प्रकृति पर्व सरहुल पूजा की सबको बधाई व शुभकामनाएं दी, साथ ही कहा कि सरहुल पूजा प्रकृति की पूजा है। हमें प्रकृति के द्वारा प्रदत्त जल जंगल जमीन जैसे उपहारों का संरक्षण और संवर्धन करना चाहिए। सरहुल झारखंड का प्रमुख पर्व है और यह आदिवासियों का भव्य उत्सव है। मूलतरू यह प्रकृति की आराधना का पर्व है। सरहुल पर्व को झारखंड की विभिन्न जनजातियां अलग-अलग नाम से मनाती है।



## रामनवमी त्योहार को लेकर गावां थाना परिषर में शांति समिति की बैठक आयोजित

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**

गावां थाना परिषर मे सोमवार को रामनवमी त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से खोरीमहुआ एसडीएम धीरेंद्र कुमार सिंह, डीएसपी मुक. ेश कुमार महतो, इंस्पेक्टर परमेश्वर ल्यांगी, बीडीओ दीपक प्रसाद एवं थाना प्रभारी पिंटू कुमार उपस्थित थे। रामनवमी त्योहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से बनाने के लिए कई दिशा निर्देश दिए गए। एसडीप. ीओ ने कहा कि शराब एवं डीजे पर पूर्ण रूप से पा. बंदी रहेगी। जुलूस के दौरान डीजे का प्रयोग नही किया जाएगा और न ही एक सौ लोगो से अधिक की भीड़ लगाई जाएगी। साथ ही शाम 6 बजे तक जुलूस को समाप्त करने का निर्देश दिया गया। एसडीएम ने कहा कि जुलूस के दौरान नए रुट( रास्ता) का प्रयोग बिल्कुल भी नही कर सकते है। उन्होंने प्रबुद्धजनों से अपील किया है कि रामनवमी के त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने में प्रशासन का अहयोग करें। मौके पर जीप सदस्य इमरान अंसारी, राजेन्द्र चौधरी, मुखिया सबदर अली, वहाब खान, राजकुमार यादव, दिनेश पांडेय, मेराज आलम, ब्रह्मदेव शर्मा, मो० अय्यूब, राजकुमार सिंह, टिकैत भवानी सिंह आदि दर्जनों लोग शामिल थे।



## विष्णुगढ़ में सरहुल पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ और इसके आसपास के इलाकों में आदिवासी समुदाय का महापर्व सह प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया। इसे लेकर झारखंड आदिवासी संथाल समिति के बैनर सोमवार को विष्णुगढ़ में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। विष्णुगढ़-खरना रोड़ स्थित पड़वापोखर के मैदान में आदिवासी समुदाय के बड़ी संख्या में महिला पुरूष पा. रंपरिक गाजे-बाजे के साथ पारंपरिक पोशाक पहन शामिल हुए। इसके बाद सातमील मोड़, हॉस्पीटल चौक, अखाड़ा चौक, ब्लॉक रोड होते हुए शोभायात्रा का पुनः पड़वापोखर पहुंचकर समापन हुआ। पूरे शोभायात्रा के दौरान आदिवासी समुदाय के लोग झुमर गीतों के साथ नाचते-गाते झूमते रहे। इसके पूर्व सरना स्थल पर पाहन ने सरना, सूर्य और गवांत की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के उपरांत लोगों ने एक दूसरे के कानों में सखुआ का फूल देकर और अबीर-गुलाल लगाकर सरहुल की बधाई दी। लोगों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। झारखंड आदिवासी संथाल समाज के सचिव चुनुलाल सोरेन ने कहा कि सरहुल पर्व आदिवासियों का महापर्व है। आदिवासी समाज प्रकृति उपासक होते हैं। आदिवासियों का यह पर्व प्रकृति के संवर्द्धन और संरक्षण का संदेश देता है। विष्णुगढ़ के अलावा कोनार डैम, नरकी, खरकी, गाल्होबार, नागी, चानो, कुसुंभा, खरना, भेलवारा समेत कई गांवों में भी सरहुल का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। मौके पर बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग मौजूद थे।



सरहुल पर निकाली गई शोभायात्रा में झूमते गाते आदिवासी समुदाय के लोग

## विष्णुगढ़ में अवैध कोयले के कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी

### लगभग 500 बोरा अवैध स्टीम कोयला जब्त

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ पुलिस ने सोमवार को कोयला तस्करों के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई की। हजारीबाग-बोकारो जिला के सीमावर्ती क्षेत्र नरकी में अवैध कोयला कारोबारियों के ठिकानों पर छापा मारा। जिसमें लगभग 500 बोरा अवैध स्टीम कोयला जब्त किया गया। जिसका वजन करीब 14,910 किलो है। बरामद सभी कोयले को जब्त कर ट्रैक्टर पर लादकर विष्णुगढ़ थाना लाया गया। थाना प्रभारी जगलाल मुंडा ने बताया कि नरकी के केदार स्वर्णकार पिता त्रिभुवन स्वर्णकार, बबलू साव पिता महेश साव तथा मोईन अंसारी पिता हनीफ अंसारी द्वारा कोयले का अवैध कारोबार करने की गुप्त सूचना मिली थी। इस आलोक में छापेमारी कर कारोबारियों के ठिकानों से 497 बोरा अवैध कोयला जब्त किया गया। बताया कि सभी कोयला कारोबारी बोकारो जिला के बेदकारो के प्रतिबंधित वन क्षेत्र से कोयला का अवैध उत्खनन करवा कर अपने घर तथा घर के आसपास बेचने के उद्देश्य से छिपाकर रखते हैं। जिसे प्रखंड के नौवाडीह, बरांय, बगोदर तथा आसपास के गांवों में संचालित ईंट भट्ठों में अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से बेचने का काम किया जाता है। इस अवैध कारोबार में शामिल अन्य आरोपियों में सुखदेव महतो, आंगो थाना के बेडम निवासी राजेन्द्र महतो उर्फ राजू महतो, टाटीझरिया थाना के मुक्ति दूधमनियां के रवि सिंह पिता स्व. महेन्द्र प्रताप सिंह को भी आरोपी बनाया गया है। सभी छह आरोपियों के विरूद्ध विष्णुगढ़ थाना में कोल माइंस एक्ट तथा भारतीय वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं। पुलिस मामले की छानबीन करते हुए आरोपियों की धरपकड़ में जुटी है।

APEM
LIVE